प्रेस नोट

थाना - हापुड देहात **दिनांक 02-03-2023**

- **थाना हापुड देहात पुलिस ने 03 दिन पूर्व थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना के मास्टरमाइंड (घायल व्यक्ति) को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त/ पीड़ित ने कर्जे से बचने व परिजनों पर दबाव बनाने के लिए स्वंय को गोली मारकर दी थी हमले की झूठी सूचना।**

कार्यवाही:-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड देहात द्वारा 03 दिन पूर्व थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना के मास्टरमाइंड/ घायल व्यक्ति को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस बरामद हुआ है।

उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड देहात पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

अजय कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी पंचवटी कॉलोनी आवास विकास थाना हापुड देहात जनपद हापुड।

बरामदगी का विवरण:-

एक अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस .315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. थानाध्यक्ष श्री आशीष कुमार थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 इन्द्रकान्त यादव थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
3. उ0नि0 विनोद कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
4. है0का0 राजीव मलिक थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
5. का0 विनीत धामा थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
6. का0 अक्षय थाना हापुड देहात जनपद हापुड।